you. If we go in a more organised way, all will have their say. Please take your seat. I will permit you because you are raising an important issue about the drought in Andhra Pradesh. There is a question about Iraq to raise, which permission has been asked for. They want to raise the issue. There is one mention about sports. Now, if we go one by one, subject-wise, not Member-wise, then one person can talk about the drought, not everybody. So, anybody can speak about drought. You can take two minutes because I have a delegation waiting for me.

मौलाना ओबैदुल्लाह खान आज़मी (मध्य प्रदेश) : मैडम ...**(व्यवधान)**...

उपसभापति : आप सवालात मत कीजिए ...**(व्यवधान)**... You please sit down. You don't question the Chair. Your own party has asked for it and Mr. Pranab Mukherjee wants to raise it. You put your question to him first.

SHRI C. RAMACHANDRAIAH : Madam, I wish to draw the attention of the Government - I think the Leader of the House is not there - to the severe drought condition that is prevailing in the State of Andhra Pradesh. Two Central teams have visited out State till now. There is an exodus of the people from our State to other States. There has been a tremendous deficit of rainfall for the last three years. It is the worst drought over the last 30 years. We are facing even the problem of fodder for our cattle. The Government of India should come forward to the rescue of the State Government.

[THE VICE-CHAIRMAN (SHRI RAMA SHANKER KAUSHIK) in the Chair]

In spite of the best efforts, that have been put forward by the State Government, because of the paucity of funds, we are unable to meet the demands for the rehabilitation measures that have to be initiated. So, I request the Government of India to immediately take cognisance of this catastrophe in our State and allocate sufficient funds for providing relief to the people of Andhra Pradesh.

Volatile situation prevailing in the West Asia with particular reference to Iraq

SHRI PRANAB MUKHERJEE (West Bengal): With your kind permission, I would like to draw the attention of the Government to the fact that in the last Session, we discussed the situation in West Asia, specially

with reference to the developments in Iraq. We thought that in this Session, the Government should *suo motto* bring this issue and articulate the views of the whole Parliament as reflected in both the Houses of Parliament. The whole nation's opinion should be properly reflected. Sir, we are worried not only about the developments which are taking place, but also about our vital economic interests too, as they are going to be affected. Nearly three-fourths of our hydrocarbon resources for producing energy are being imported. There was a major crisis for three or four days and it lasted for more than ten days. By one shot, the oil price has gone up from 30-31 dollars per barrel to 39 dollars per barrel. There are various calculations. I am not going into that aspect. We have very friendly relationships with Iraq and, on humanitarian grounds, the Government and all sections of the public extended their support; and we thought that the sufferings of the Iraqi people would come to an end. But, unfortunately, from the way in which the situation is developing, we understand that it is heading towards an armed conflict, which we deplore. We thought that the Government of the day would bring a formal Resolution, which would be considered by both the Houses of Parliament, and the opinion of the people of India, as reflected through the Parliament, would be articulated to express our concerns on these issues. We believe that these issues must be resolved peacefully. A military solution is no solution at all. The people of Iraq have suffered enough. There must be an end to it. This situation should not lead to a conflict, which is likely to take place. I don't know what position exactly the Government of India will take in the next Non-Alignment Movement Summit, which is going to take place in a couple of days. The concerns of the Non-Alignment Movement, of which India is a pioneering member, a leading member, should also be adequately reflected in their formal articulated position. We are committed to the Resolutions of the Security Council. The Government of India must prevail and impress upon the world community that the solution lies not in unilateral action and that a solution should be found through the mechanism and modality of the Security Council Resolutions of the United Nations. Thank you.

प्रो. रामगोपाल यादव (उत्तर प्रदेश) : उपसभाध्यक्ष जी, माननीय प्रणब मुखर्जी साहब ने जो प्रश्न उठाया है, मैं अपने आपको उससे संबद्ध करते हुए इतना कहना चाहता हूं कि इराक में हथियारों का निरीक्षण करने जो दल गया था, उसकी रिपोर्ट आने के बाद भी अमेरिका जिस तरह से दुनिया भर में दादागिरी कर रहा है और इराक पर जबर्दस्ती हमला करने की कोशिश कर रहा है, उसके संदर्भ में हिन्दुस्तान की सरकार को अपनी पूरी ताकत के साथ विश्व जनमत को प्रभावित करने के लिए अमेरिका के इस कदम का विरोध करना चाहिए। न केवल हिन्दुस्तान में

बल्कि सारी दुनिया के लिए एक खतरा बनती जा रही अमेरिका की इस पॉलिसी का विरोध और निन्दा जितनी सख्ती से हो सके, उतनी सख्ती से की जानी चाहिए।

SHRI NILOTPAL BASU (West Bengal): Thank you, Mr. Vice-Chairman, Sir. The issue here is: How should this Parliament express itself on the situation that is developing in Iraq and its neighbourhoods? Yesterday, we had proposed to the Government that, in our opinion, the most appropriate method of expressing our concern is adoption of a unanimous Resolution, because, in our opinion, for the first time, after the end of the Cold War, there is a situation in the UN Security Council where the hegemonistic role of single superpower, which is there, is being opposed by a number of countries. We have also seen certain developments within the NATO where, for the first time, certain resistance is developing against unipolar power. At the same time, we also know that, for the first time, sweeping protests have taken place all over the world. On Saturday, in 600 cities, the most notable among them are London, New York and several European capitals, protests had taken place. In Delhi, of course, we proposed that if we adopt such a resolution in the Parliament that could also galvanise the kind of mass action that we are seeing elsewhere. Now, we were under the impression that the Government also accepted our proposal or they are also agreeable to the idea of adoption of this kind of a resolution which could express the collective will of the Indian people and which will effectively articulate the concerns of the Indian people, more so because we have this glorious heritage of Non-Aligned Movement and we have always taken an independent foreign policy opposed to unilateralism and unipolarism.

Now, unfortunately, the Government, it appears, has a different line of approach in the sense that they think that it will tie down the hands of the Government of India if such a resolution is adopted. ...**(समय की घंटी)**... मैं एक मिनट में खत्म कर रहा हूं।

That is why we think that we should not have any illusions. We are not under the United Nations Security Council. Maybe some countries about which we are always prepared to take resolutions, are members of the Security Council. But, the wording of the resolution to be adopted can always be debated upon which will offer flexibility for the Government of India to take whatever position they want to take, but, I think it is unfair. Therefore, we will urge the Government to come up with the initial draft.

We are all associating with this and I believe there is no difference of opinion that an appropriate resolution should be adopted by the Parliament, which should become the basis and the platform for mobilisation of the Indian people outside against what is happening and the unilateral politics that certain superpowers are practising and, at the same time, help in the interactions we have with the international community.

उपसभाध्यक्ष (श्री रमा शंकर कौशिक): माननीय संसदीय कार्य मंत्री कुछ कहना चाहेंगी क्या?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण तथा संसदीय कार्य मंत्री (श्रीमती सुषमा स्वराज): उपसभाध्यक्ष महोदय, माननीय सांसदो ने इराक के संबंध मे जो चिंता यहां व्यक्त की है, सबसे पहले तो मैं यह कहना चाहूंगी कि सरकार स्वयं को इस चिंता से संबद्ध करती है। स्वयं प्रणब दा ने कहा कि पिछले सत्र मे हमने इराक पर चर्चा की थी। मैं सदन की जानकारी के लिए आपके माध्यम से यह भी बताना चाहूंगी कि कल जब हम आज का कार्यक्रम तय करने के लिए बैठे थे तो मैंने अपनी ओर से, सरकार की ओर से यह प्रस्ताव रखा था कि आज हम इराक पर चर्चा कर सकते हैं और इराक की स्थिति पर अगर चर्चा करना चाहें तो चूंकि विदेश मंत्री आज शाम को जाने वाले हैं तो उस चर्चा का समापन भी कर सकते हैं और उन तमाम भावनाओं को जो भावनाएं सदन मे व्यक्त की जाएंगी, उनको साथ मे लेकर "नाम" की मीटिंग मे जा सकते हैं। लेकिन उसमे जो मत बना वह यह था कि डिसइन्वेस्टमेंट पर चर्चा सदन आज करना चाहेगा और जैसे नीलोत्पल जी ने कहा कि एक इच्छा यह व्यक्त की गयी कि उसके ऊपर एक रिजोल्यूशन हो जाए। लेकिन मैं बहुत करबद्ध निवेदन करना चाहूंगी सदन के साथियों से कि अंतर्राष्ट्रीय मंच पर जब सरकार के प्रतिनिधि जाते हैं तो थोड़ासा लीवेज, थोड़ीसी गुंजाइश उनके साथ यह होनी चाहिए कि परिस्थितियों के अनुसार वे अपनी प्रतिक्रिया के शब्दो मे फेरबदल कर सकें। जहां तक भावनाओ का संबंध है, भावनाओं से हम अवगत हैं। आज भी मैं कहना चाहती हूं कि अगर चर्चा करके वे भावनाएं प्रकट करना चाहते हैं तो चर्चा कर सकते हैं। विदेश मंत्री जी आज चले जाएंगे लेकिन प्रधान मंत्री जी दो दिन बाद जाएंगे। अगर यह इराक पर कल चर्चा करना चाहते हैं, फुलफ्लेज्ड डिसकशन और अपनी बात रखना चाहते हैं तो वे रख सकते हैं। भावनाएं लेकर जाना और उन्ही भावनाओ के अनुरूप अपनी प्रतिक्रिया देना यह तो बहुत सही बात है। लेकिन रिजोल्यूशन के माध्यम से बांधना ठीक नहीं होगा। इसीलिए सरकार यह चाहती है अगर सदन चर्चा करना चाहता है तो फुलफ्लेज्ड डिसकशन के लिए हम तैयार हैं, वरना जो बात आज कही गयी और पिछले सत्र में जो भावनाएं हमारे सामने आई हैं, देश की उन भावनाओं के बिल्कुल अनुकूल और अनुरूप सरकार अपनी प्रतिक्रिया "नाम" में रखेगी। धन्यवाद।

श्री सुरेश पचौरी (मध्य प्रदेश): उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं आपके द्वारा यह निवेदन करना चाहता हूं कि यह दिग्भ्रमित करने वाला वक्तव्य है। माननीया मंत्री जी एक सर्वसम्मत प्रस्ताव पर सहमत हुई थी जिससे यहां असहमत दिख रही हैं। बात यह हुई थी कि एक सर्वसम्मत प्रस्ताव के साथ यदि सरकार जाएगी तो ज्यादा प्रभाव और वजनदारी के साथ जाएगी और देश का पक्ष प्रस्तुत करेगी।

श्रीमती सुषमा स्वराज : उपसभाध्यक्ष महोदय, चूंकि यह कहा गया कि मैं दिग्भ्रमित करने वाली बात कर रही हूं और जो वहां हुआ था वह अलग हुआ था इसलिए मुझे दुबारा खड़ा होना पड़ रहा है। सुरेश जी वहां मौजूद थे। मैंने कभी सहमति प्रकट नहीं की थी। दोनों बातें आईं तो मैंने कहा कि डिसइन्वेस्टमेंट मिनिस्टर से मुझे बात करके तय करना होगा ...**(व्यवधान)**...।

श्री सुरेश पचौरी : नहीं-नहीं, इराक के प्रस्ताव पर ...**(व्यवधान)**...

श्रीमती सुषमा स्वराज : और विदेश मंत्री जी से इस पर बात करनी होगी, और डिसइन्वेस्टमेंट मिनिस्टर से मेरी बात तभी हो गई। उन्होंने यह बता दिया कि वे तैयार हैं। विदेश मंत्री जी से जब मेरी बात हुई और उसके बाद जब मैंने बताया तब तक बैठक समाप्त हो चुकी थी।

उपसभाध्यक्ष (श्री रमा शंकर कौशिक) : माननीया मंत्री जी, माननीय सदस्य का कहना यह है कि प्रस्ताव के ऊपर आपको सरकार से बात करनी चाहिए थी, और लोगों से तथा विदेश मंत्री जी से।

श्रीमती सुषमा स्वराज : वह संदेश मैं दे रही हूं।

उपसभाध्यक्ष (श्री रमा शंकर कौशिक) : तो उसका नतीजा क्या निकला?

श्रीमती सुषमा स्वराज : नतीजा यह निकला कि सरकार प्रस्ताव के बजाय चर्चा करना चाहती है। ...**(व्यवधान)**...

श्री नीलोत्पल बसु : सर, मैं एक सवाल पूछना चाहता हूं और वह सवाल यह है कि कश्मीर का मुद्दा जिसके ऊपर लगातार और हमेशा हमें कूटनीतिक पहल करनी पड़ती है, उस सवाल पर अगर संसद् सर्वसम्मत प्रस्ताव पारित करती है तो उसमें सरकार को नेगोशिएट करने में कोई पीड़ा नहीं होती है, लेकिन इराक का मुद्दा जिसके ऊपर एक जनभावना है, उसके ऊपर प्रस्ताव पारित करने से सरकार को क्या दिक्कत होगी, यह थोड़ा सा स्पष्ट किया जाए?

श्री भारतेन्दु प्रकाश सिंहल (उत्तर प्रदेश) : महोदय ...**(व्यवधान)**...

उपसभाध्यक्ष (श्री रमा शंकर कौशिक) : आप बैठिए। ...**(व्यवधान)**... अब तो सब हो गया। अब तो सवाल भी हो गया और जवाब भी हो गया। अब आपको क्या कहना है, कहिए।

SHRI J. CHITHARANJAN (Kerala): Sir, we do not agree with the opinion expressed by the hon. Minister for Parliamentary Affairs. This is not a matter of giving leeway to a particular Minister. It is a question of formulating a policy by the Government of India. It cannot be left to any

individual. My suggestion is that this matter should be discussed seriously and a resolution should be passed in this House. Thank you.

श्री के. नटवर सिंह (राजस्थान) : मैं माननीय मंत्री महोदया से पूछना चाहता हूं कि आपको रेजोल्यूशन से क्या एतराज है।

श्रीमती सुषमा स्वराज : मैंने एतराज की बात ही नहीं की है। मैंने अपनी भावना रख दी जो कि सरकार की तरफ से थी और हमने कहा कि हम चर्चा के लिए तैयार हैं। अभी चितरंजन जी ने कहा कि It should be discussed thoroughly. Yes, it should be discussed thoroughly. We are prepared for that.

श्री के. नटवर सिंह : यह भावना का सवाल नहीं है, यह तो आपकी नीति का सवाल है। आपकी नीति क्या है?

श्रीमती सुषमा स्वराज : नीति भावना के अनुरूप ही बनेगी।

श्री के. नटवर सिंह : बिल्कुल नही बनती। किसने आपको यह बात कह दी भावना से बनती है?

श्रीमती सुषमा स्वराज : आप चर्चा में भावना प्रकट करिए, नीति उसके अनुरूप बनेगी, यह मैं सदन को आश्वस्त करती हूं।

श्री के. नटवर सिंह : मैं यह कह रहा हूं कि ...**(व्यवधान)**...

उपसभाध्यक्ष (श्री रमा शंकर कौशिक) : अब आपने अपनी बात कह दी है।

श्री के. नटवर सिंह : जवाब तो दिया नहीं।

उपसभाध्यक्ष (श्री रमा शंकर कौशिक) : अब आप कृपया बैठिए। ...**(व्यवधान)**...

श्री बालकवि बैरागी (मध्य प्रदेश): वह संसद की शक्ति लेकर नही जाना चाहते हैं, केवल भावना लेकर जाना चाहते हैं। अगर प्रस्ताव लेकर जायेंगे तो शक्ति के साथ जायेंगे। ...**(व्यवधान)**...

उपसभाध्यक्ष (श्री रमा शंकर कौशिक) : माननीय सुरेश कलमाडी जी, आप अपनी बात बोलिए। ...**(व्यवधान)**...

श्री बालकवि बैरागी : माननीय उपसभाध्यक्ष महोदय, यह प्रस्ताव लेकर जायेंगे तो शक्ति के साथ जायेंगे, लेकिन यह केवल भावना के साथ जाना चाहते हैं।

उपसभाध्यक्ष (श्री रमा शंकर कौशिक) : यह तो आपने बता दिया। माननीय श्री सुरेश कलमाडी।

India's participation in S.A.F. Games in Islamabad

SHRI SURESH KALMADI (Maharashtra): Sir, the SAF Games are going to be held in Islamabad next month. Three hundred fifty athletes are set to go to Islamabad. When Ms. Uma Bharti was the Sports Minister, she gave a clearance to the IOA delegation to go to Islamabad. We gave a commitment there and because of that all the other SAARC countries are coming for the SAF Games starting next month. All of a sudden, we got a letter from the Sports Ministry saying that the tour to Pakistan is off. After giving an international commitment and when the tension has reduced after the withdrawal of troops, I think sports and politics should not be mixed up. It is an international commitment which we have made. There has been no discussion with the Olympic Committee for not sending the team to Islamabad. Olympic movement is all about that. A little window must be kept open for people to people contact because through sports a lot can be achieved and we can make good relations with all the SAARC countries. It is not a question of just India and Pakistan. All the SAARC countries are involved in it. So far, the policy of the Government of India, without exception, has been - except for Cricket - that we can go for the regional games wherever they are held. I would request the Government to reconsider this decision of withdrawing this team at the last minute. This is going to have an adverse impact on the Afro-Asian Games which are going to be held in India. This will lead to boycott by other countries. It will have a snowballing effect. I once again request the Government to review the matter and allow the team to proceed to Islamabad for the SAF Games. Thank you.

DR. T. SUBBARAMI REDDY (Andhra Pradesh): We all are supporting this.

उपसभाध्यक्ष (श्री रमा शंकर कौशिक) : ठीक है, आप इन के साथ सम्बद्ध कर रहे हैं।